डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation, University
उत्तर प्रदेश सरकार,लखनऊ
मोहान रोड, लखनऊ, उत्तर प्रदेश 226 0
दूरभाष संख्या 0522–2999862,63,2998380,81,
वेबसाइट : http://dsmru.up.nic.

पत्रांक– 676 / विशेष शिक्षा संकाय / DSMNRU / 2022–23 दिनाँकः 20 अप्रैल, 2023

सूचना

यह अपार हर्ष का विषय है कि डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ के विशेष शिक्षा संकाय के तत्वाधान में **राष्ट्रीय शिक्षा नीति– 2020: प्रारम्भिक बाल्यावस्था हस्तक्षेप / देखभाल और समावेशी शिक्षा (विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के विशेष संदर्भ में)** (**National Seminar:** National Education Policy 2020: Early Childhood Interventions/Care and Inclusive Education (With special reference to children with special needs) विषय पर दिनांक 24–25 अप्रैल, 2023 को दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। दिनांक 24.04.2023 को उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन करने हेतु विश्वविद्यालय की कुलाधिपति, उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल महोदया विश्वविद्यालय के अटल प्रेक्षागृह में पधार रहीं हैं। इस संगोष्ठी का उद्घाटन समारोह विश्वविद्यालय के अटल प्रेक्षागृह एवं संगोष्ठी का सत्र विश्वविद्यालय के कृत्रिम अंग एवं पुनर्वसन केन्द्र के सभागार में अयोजित की जायेगी।

उक्त कार्यक्रम के दृष्टिगत दिनांक 24 एवं 25 अप्रैल, 2023 को विशेष शिक्षा संकाय के अधीन संचालित समस्त विभागों की कक्षाऐं स्थगित रहेंगी। उक्त संगोष्ठी का विषय विशेष शिक्षा के पाठ्यक्रम का अभिन्न अंग है, अतएव संकाय के समस्त विभागों (एम0एड0, बी0एड0, डी0एड, बी0पी0ओ0, बी0एस0एल0पी0 एवं पी0डी0सी0डी0) में अध्ययनरत् समस्त विद्यार्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वह संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में प्रतिभाग के लिए दिनांक 24.04.2023 को प्रातः 10.00 बजे विश्वविद्यालय के अटल प्रेक्षागृह एवं संगोष्ठी के विभिन्न सत्रों में प्रतिभाग करने हेतु दिनांक 24.04.2023 को दोपहर 12.30 बजे एवं दिनांक 25.04.2023 को प्रातः 10.00 बजे से विश्वविद्यालय के कृत्रिम अंग एवं पुनर्वसन केन्द्र के सभागार मे अनिवार्य एवं नियमित रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

(प्रो0 रजनी रंजन सिंह)
अधिष्ठाता विशेष शिक्षा एवं
कार्यक्रम निदेशक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. कुलपति कार्यालय, माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. समस्त कोर्स–कोआर्डिनेटर, विशेष शिक्षा संकाय।
4. समस्त शिक्षकवृन्द को विभाग में अध्ययरत् समस्त विद्यार्थियों को सूचित किये जाने हेतु।
5. सिस्टम एनालिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।
6. नोटिश बोर्ड।

(प्रो0 रजनी रंजन सिंह)
अधिष्ठाता विशेष शिक्षा एवं
कार्यक्रम निदेशक